**भारत सरकार**
संस्कृति मंत्रालय
**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्याः 2353
उत्तर देने की तारीख: सोमवार 15, दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण(शक) 1947 ,

**संग्रहालयों, सांस्कृतिक स्थलों और प्रदर्शनियों की स्थापना और उनका आधुनिकीरण**

2353. श्री भर्तृहरि महताब:
डा. तिरूमावलवन थोल:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री विजय बघेल:
श्री महेश कश्यप:
श्री पी. पी. चौधरी:
श्री दिलीप शइकिया:
श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:
कैप्टन बृजेश चौटा:
श्री आलोक शर्मा:
श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल:
श्री दिनेशभाई मकवाणा:
श्री लुम्बाराम चौधरी:
श्री नव चरण माझी:
श्री प्रवीण पटेल:
श्री शंकर लालवानी:
श्रीमती कमलेश जांगड़े

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पुरातत्वीय स्थल संग्रहालयों की संख्या का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में, विशेषकर राजस्थान के पाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ में नए संग्रहालयों, दीर्घाओं और अनुभूतिपूर्ण स्थलों की स्थापना में क्या प्रगति हुई है;

(ग) देश में मौजूदा संग्रहालयों के आधुनिकीकरण और विशेषकर राजस्थान में पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में और दक्षिण कन्नड़ में रानी अब्बक्का जैसे क्षेत्रीय संग्रहालयों को सहायता प्रदान करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों ने देश की सांस्कृतिक संस्थाओं, विशेषकर दक्षिण कन्नड़ में सार्वजनिक सहभागिता को बढ़ाने में कितना योगदान दिया है;

(ङ) संग्रहालय से संबंधित इन पहलों से सांस्कृतिक पर्यटन, रचनात्मक अर्थव्यवस्थाओं और भारत की सांस्कृतिक विरासत तक, विशेषकर दक्षिण कन्नड़ जैसे सांस्कृतिक केंद्रों तक, व्यापक पहुंच को किस प्रकार सहायता मिलने की संभावना है; और

(च) क्या सरकार का छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित गिरौदपुरी धाम (धार्मिक स्थल) को राष्ट्रीय धरोहर स्थल घोषित करने और इसका विकासनिर्माण करने का विचार है?

**उत्तर**
**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): वर्तमान में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में देश भर में बावन (52) पुरातत्वीय स्थल संग्रहालय हैं। इन संग्रहालयों की राज्य-वार सूची अनुबंध-**I** में संलग्न है।
(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा विकसित नए संग्रहालयों, दीर्घाओं, अनुभवात्मक स्थानों की सूची अनुबंध-**II** में संलग्न है। तथापि, वर्तमान में कर्नाटक के पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और दक्षिण कन्नड़ में नए पुरातात्विक स्थल संग्रहालयों, दीर्घाओं और अनुभवात्मक स्थलों की स्थापना से संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केंद्र सरकार द्वारा वार्षिक बजट आवंटन के अनुसार प्रतिवर्ष देश भर में मौजूदा पुरातात्विक स्थल संग्रहालयों का अनुरक्षण और समय-समय पर उनका उन्नयन करता है।

इसके अलावा, संस्कृति मंत्रालय, संग्रहालय अनुदान योजना चलाता है जिसके तहत नए संग्रहालय बनाने/मौजूदा संग्रहालयों को विकसित करने/संग्रहालय को डिजिटल बनाने और केंद्र/राज्य सरकारों, सोसाटियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों, अकादमिक संस्थानों और सोसाइटी अधिनियम के तहत पंजीकृत न्यासों द्वारा प्रबंधित किए जाने वाले संग्रहालयों के कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

विगत वर्षों में राजस्थान और कर्नाटक राज्य में संग्रहालयों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण अनुबंध-**III** में संलग्न है।

(घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शनियों, विश्व धरोहर दिवस, विश्व धरोहर सप्ताह, अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक संस्थानों के साथ सार्वजनिक जुड़ाव बढ़ाया है। ये पहलें दृश्यता में सुधार करती हैं, बाहरी गतिविधियों का समर्थन करती हैं और राष्ट्र की समृद्ध धरोहर को प्रदर्शित करते हुए व्यापक सार्वजनिक रुचि जागृत करती हैं।

(ङ): ये पुरातात्विक संग्रहालय, इन स्थलों की व्याख्या और पुरावशेषों के सुरक्षित प्रदर्शन केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं, जिसके फलस्वरूप वे सांस्कृतिक पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। ये केंद्र क्षेत्रीय शिल्प और व्यंजनों को बढ़ावा देने सहित स्थानीय रचनात्मक अर्थव्यवस्थाओं का भी समर्थन करते हैं जिसके परिणामस्वरूप संबंधित आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने में सहायक होते हैं।

(च): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 15.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2353 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पुरातत्व स्थल संग्रहालयों की सूची

| क्रम सं. | राज्य | संग्रहालयों के नाम |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अमरावती |
| 2. | | चंद्रगिरी |
| 3. | | नागार्जुनकोंडा |
| 4. | असम | श्री सूर्य पहाड़ |
| 5. | बिहार | बोधगया |
| 6. | | नालंदा |
| 7. | | वैशाली |
| 8. | | विक्रमशिला |
| 9. | दिल्ली | पुराना किला |
| 10. | | पुराना किला में जब्त और प्राप्त पुरावशेषों की दीर्घा |
| 11. | | 1857-भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम |
| 12. | | याद-ए-जलियां |
| 13. | | नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भारतीय राष्ट्रीय सेना |
| 14. | | आज़ादी के दीवाने |
| 15. | | हुमायूँ का मकबरा, विश्व धरोहर स्थल संग्रहालय |
| 16. | | पुरातत्व स्थल संग्रहालय, लाल किला |
| 17. | | भारतीय युद्ध स्मारक संग्रहालय, लाल किला |
| 18. | गोवा | वेल्हा, गोवा |
| 19. | गुजरात | धोलावीरा |
| 20. | हरियाणा | शेख चिल्ली का मकबराथानेश्वर , |
| 21. | हिमाचल प्रदेश | कांगड़ा  किला, कांगड़ा |
| 22. | कर्नाटक | हलेबीडु |
| 23. | | टीपू सुल्तान संग्रहालय, श्रीरंगपट्टनम |
| 24. | | हम्पी, कमलापुर |
| 25. | | ऐहोल |
| 26. | | बादामी |
| 27. | | बीजापुर |
| 28. | केरल | मट्टनचेरी पैलेस |
| 29. | मध्य प्रदेश | चंदेरी |
| 30. | | ग्वालियर |
| 31. | | सांची |

| | | |
|---|---|---|
| 32. | | शिवपुरी |
| 33. | | खजुराहो |
| 34. | महाराष्ट्र | आगा खां पैलेस पुणे में महात्मा गांधी के बारे में संग्रहालय |
| 35. | ओडिशा | कोणार्क |
| 36. | | रत्नागिरि |
| 37. | | ललितागिरी |
| 38. | पंजाब | रोपड़ |
| 39. | राजस्थान | कालीबंगा |
| 40. | | डीग पैलेस संग्रहालय |
| 41. | तमिलनाडु | फोर्ट सेंट जॉर्ज संग्रहालय |
| 42. | तेलंगाना | कोंडापुर |
| 43. | उत्तर प्रदेश | ताज |
| 44. | | फतेहपुर सीकरी |
| 45. | | सारनाथ |
| 46. | | आभासी अनुभवात्मक संग्रहालय (वी.ई.एम). मान महल, वाराणसी |
| 47. | | रेजीडेंसी संग्रहालय 1857 |
| 48. | | पिपरहवा |
| 49. | उत्तराखंड | जागेश्वर |
| 50. | पश्चिम बंगाल | कूच बिहार पैलेस संग्रहालय |
| 51. | | हज़ारदुआरी पैलेस संग्रहालय |
| 52. | | तामलुक |

अनुबंध-।।

लोक सभा में दिनांक 15.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2353 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पुरातत्व स्थल संग्रहालयों की सूची

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नए संग्रहालय और प्रदर्शनियों की सूची

| क्रम सं. | पुरातत्व संग्रहालय का नाम | राज्य | उद्घाटन का वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | पुरातत्व स्थल संग्रहालय(कपिलवस्तु), पिपरहवा | उत्तर प्रदेश | 2016 |
| 2 | पुरातत्व स्थल संग्रहालय, शिवपुरी | मध्य प्रदेश | 2017 |
| 3 | पुरातत्व स्थल संग्रहालय, ललितागिरी | ओडिशा | 2019 |
| 4 | ''1857''- भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम लाल किला, नई दिल्ली | दिल्ली | 2019 |
| 5 | औपनिवेशिक भवन 2 बी, याद –ए-जलिया लाल किला, दिल्ली | दिल्ली | 2019 |
| 6 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आई.एन.ए. लाल किला, दिल्ली | दिल्ली | 2019 |
| 7 | आभासी अनुभवात्मक संग्रहालय, मान महल, वाराणसी | उत्तर प्रदेश | 2019 |
| 8 | 'आज़ादी-के-दीवाने ,लाल किला ,दिल्ली | दिल्ली | 2019 |
| 9 | जब्त और प्राप्त पुरावशेषों की गैलरी, पुराना किला | दिल्ली | 2019 |
| 10 | महात्मा गांधी संग्रहालय, आगा खान पैलेस, पुणे | महाराष्ट्र | 2019 |
| 11 | हुमायूं का मकबरा, विश्व धरोहर स्थल संग्रहालय | दिल्ली | 2024 |

.

अनुबंध-।।।

लोक सभा में दिनांक 15.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2353 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

राजस्थान और कर्नाटक राज्य में संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से वित्तीय मदद संग्रहालय अनुदान योजना बनाए गए या विकसित किए गए संग्रहालय

| क्र. सं. | संग्रहालय का नाम | राज्य | अनुदान वर्ष (वित्त वर्ष) | धनराशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवप्पा नायक संग्रहालय और अनुसंधान ब्यूरो, बेक्कीनाकलमाथा , शिवमोग्गा , कर्नाटक | कर्नाटक | 2022-23 | 75 |
| 2. | वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति , उदयपुर, राजस्थान | राजस्थान | 2021-22 | 112.50 |
| 3. | श्री गिरधर स्मारक धर्मार्थ न्यास ट्रस्ट, ( श्री गिरधर स्मारक ट्रस्ट) किंग्स पैलेस, जैसलमेर फोर्ट पैलेस | राजस्थान | 2020-21 | 250 |
| 4. | महाराजा सवाई मान सिंह II संग्रहालय, सिटी पैलेस, जयपुर | राजस्थान | 2023-24 और 2025-26 | 200 |

*****